तापमान

अधिकतम 28. डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार, 15 जनवरी 2024

13 शासकीय विद्यालय गुण्डरदेही में मना युवा दिवस



14 अयोध्या से पहुंचा अक्षत भेंटकर घर-घर दिया...





## खबर संक्षेप

### जामगांव बी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से

**गुरूर।** ग्राम जामगांव बी रावण चौरा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 15 जनवरी से किया जा रहा है। कथा का समापन 23 जनवरी को होगा।



कथावाचक पंडित सागर तिवारी व परायणकर्ता पंडित संगम तिवारी होंगे। कथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक होगी। मिली जानकारी के अनुसार 15 जनवरी को गद्दी स्थापना, गोकर्ण कथा होगी। 16को कपिल जन्म, महाभारत, परीक्षित जन्म, 17 को सति चरित्र, ध्रुव चरित्र, 18 को जड़ भरत चरित्र, भक्त प्रहलाद जन्म कथा होगी। 19 जनवरी को समुद्र मंथन, वामन अवतार, कृष्ण जन्म, 20 को कंस वध, रूखमणी विवाह, 21 को कृष्ण अनन्य विवाह तथा सुदामा चरित्र की कथा होगी। 22 जनवरी को परमधाम, परीक्षित मोक्ष, शोभायात्रा का कार्यक्रम होगा। 23 जनवरी को कपिला तर्पण, गीता उपदेश, हवन का कार्यक्रम होगा।

### डौंडीलोहारा मड़ई आज

**डौंडीलोहारा।** क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित डौंडीलोहारा मड़ई आज 15 जनवरी को है। मड़ई को लेकर दुकानें सज गई हैं। इसी तरह हवाई झूला, ट्राम्पोलिन, रहचुली भी बच्चों के लिए मैदान में लग गई है। मड़ई में आसपास के गांवों में नाच का कार्यक्रम रखा गया है। इसमें ग्राम उरेटा में लोककला नाचपार्टी घीना अर्जुंदा, भेड़ी में गोपाल बलराम नाचपार्टी निपानी बालोद, सिवनी लो. में खोड़वा कुबरा नाचपार्टी सूवरबोड़ कुसुमकसा, भालूकोन्हा में मां अंबे की खोज नाचपार्टी हज्ज़ूटोला अंबागढ़ चौकी, ग्राम कसही में माटी के सिंदूर नाचपार्टी बूटाकसा हुच्चेटोला, मडियाकट्टा में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचपार्टी मंदलोर चंपारण तथा मड़ई के 1 दिन बाद 16 जनवरी मंगलवार को ग्राम बगईकोन्हा में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाच पार्टी कुम्हारी चंपारण के नाच का आयोजन किया गया है। ग्रामवासियों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की गई है।

### मकर संक्रांति आज रात्रि में नाचा कार्यक्रम

**बालोद।** आज मकर संक्रांति मनाई जाएगी। 14 जनवरी को रात 2 बजकर 54 मिनट पर सूर्य मकर राशि में प्रवेश किया है। इस अवसर पर नगर में रात्रि में अम्बे की खोज नाच पार्टी अपनी प्रस्तुति देगी। संक्रांति 14 जनवरी को ही है, लेकिन उदय तिथि के अनुसार मकर संक्रांति 15 जनवरी को यानी आज मनाई जाएगी। हिन्दू संस्कृति में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। इस दिन सूर्य के उत्तरायण होने से ऋतु में परिवर्तन शुरू होता है। यानी सूर्य की गमएँ इसी दिन से बढ़नी शुरू होती है। इस दिन से ठंड की विदाई और गर्मी में वृद्धि शुरू होती है।

### धनोरा में 25 को मनाई जाएगी शाकंभरी जयंती

**अंडा।** ग्राम धनोरा में छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर 25 जनवरी को मां शाकंभरी जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। कोसरिया मरार समाज के अध्यक्ष मनोज पटेल ने बताया कि मां शीतला प्रांगण के पास मां शाकंभरी मंदिर से सुबह 10 बजे कोसरिया मरार समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के वापस मंदिर पहुंचने के बाद पूजा-अर्चना कर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### बोदल (रजोली) में मड़ई-मेला आज

**बालोद/कलंगपुर।** रामायण सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी बोदल (रजोली) के तत्वावधान में 15 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में रात्रि में गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी की प्रस्तुति रखी गई है।

# कुंदरूपारा मुक्तिधाम के पास बिखरा है सैकड़ों टन कचरा, गंदगी और बदबू से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के कुंदरूपारा स्थित मुक्तिधाम के पास सैकड़ों टन कचरा बिखरा पड़ा है। जिस दिशा में हवा चलती है, कचरा उस दिशा में हवा के साथ ही फैल रहा है। कचरे के ढेर से पास के मोहल्ले वासियों सहित घुमंतू गायों को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है।

कचरे के ढेर को आग लगा दिया गया है, जिसके कारण आग से निकलने वाले धुएं के साथ बारिक कचरा कुंदरू पारा में रहने वाले लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। इसके कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, इस कचरे के ढेर से गायों की समस्या भी बढ़ गई है, क्योंकि कचरे के ढेर में गाय भोजन तलाश करते हुए खाद्य सामग्री के साथ पॉलीथिन को भी निगल रहे हैं, जिसके कारण गाय कमजोर होती जा रही हैं।

## कचरे के ढेर में आग लगने से धुएं के कारण भी होती है समस्या





**खाद्य सामग्री के साथ पालीथिन खाने से होती है परेशानी-** इस दौरान डॉक्टर ने बताया कि गाय पूरी तरह से कमजोर हो चुकी है, जिसके कारण वह एक जगह से उठ भी नहीं पा रही है और वह अपने बछड़े को दूध भी नहीं पिला पा रही है। गायों की कमजोरी होने का मुख्य कारण शहर में जगह जगह पड़े कचरे के ढेर में वह खाद्य सामग्री के साथ पॉलीथिन सहित जो पदार्थ खा लेती है और पेट में वह आसानी से नहीं पचता उसे भी खा जाते हैं, जिसके कारण यह स्थिति सामने आती है।

### उठ नहीं पा रही थी गाय

रविवार को शहर में एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला जब जमीन पर बैठी हुई गाय उठ नहीं पा रही थी। गाय का बछड़ा अपनी माँ का दूध पीने की कोशिश कर रहा था, लेकिन गाय अपने बछड़े को दूध नहीं पिला पा रही थी क्योंकि वह एक जगह से उठ भी नहीं पा रही थी। गाय पूरी तरह कमजोर हो चुकी थी, कुछ लोग उस गाय को सड़क किनारे से उठाते हुए दिखे, जिसके बाद पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर को बुलाया गया।

**हादसा :** दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन के पास हुई दुर्घटना

# 15 दिन में दूसरी बार डिरेल हुई मालगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन के पास इंजन एक बार फिर डिरेल हो गई। इसमें रेलवे प्रबंधन की लापरवाही लगातार सामने आ रही है। 15 दिवस के भीतर यह दूसरी घटना हुई है। मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने लगातार घटना को लेकर रेलवे प्रबंधन घेरे में आने लगा है। वहीं, रेल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों ने जांच के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार दल्ली राजहरा रेलवे स्टेशन में इंजन डिरेल हुई है। हालांकि, घटना का कारण अभी नहीं बताया गया है। वहीं, रेलवे का अमला इंजन को पटरी पर लाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहा है।

गौरतलब है कि यह 15 दिन में दूसरा मामला है, जब यहां इंजन डिरेल हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दल्ली राजहरा रेलवे स्टेशन के यार्ड के पास शनिवार रात करीब 1:30 बजे मालगाड़ी ले जाने वाली एक इंजन पटरी से उतर गई। इससे रेलवे स्टेशन के पास के ट्रैक नंबर 1, 2 और 3 में आवागमन प्रभावित हो गया। सुबह पैसेंजर ट्रेन को प्लेटफार्म के पास न ले जाकर चार नंबर के ट्रैक से रवाना करना पड़ा। इससे यात्रियों को कुछ हद तक परेशानी हुई। उन्हें दूसरे ट्रैक पर जाकर ट्रेन चढ़ना पड़ा। पैसेंजर ट्रेन आने के पहले ही रेलवे ने अलाउंस कर दिया था कि प्लेटफार्म के पास ट्रेन नहीं आने वाली है। चौथे ट्रैक के पास जाकर सब खड़े हो जाइए।





### सिग्नल मिले बिना बढ़ा दिया इंजन

घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। हालांकि, रेलवे सूत्रों के मुताबिक मालगाड़ी के मास्टर को सिग्नल नहीं मिला था और उसने इंजन आगे बढ़ा दी थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हालांकि इस घटना में किसी को कोई हताहत नहीं हुआ है। कुछ हफ्ते पहले भी दल्ली राजहरा में इस तरह से मालगाड़ी के डिब्बे उतरने की घटना हो चुकी है।

# अनियंत्रित कार पलटी सवार बाल-बाल बचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के बालोद-धमतरी मुख्य मार्ग 930 स्थित चिरचारी मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में सवार पति-पत्नी और दो बच्चे सहित ड्राइवर भी सुरक्षित हैं। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार लगभग 4 बजे बालोद से पुरूर से लगे ग्राम मिर्रीटोला अपने घर जा रहे थे। इस दौरान कार क्रमांक सीजी 04 एचए 0873 अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में सवार ड्राइवर, पति, पत्नी और दो बच्चे सभी पाँच लोग सुरक्षित है। बताया जा रहा है कि सभी लोग कार में सवार होकर ग्राम मिर्रीटोला से जिला मुख्यालय बालोद में घरेलू सामना खरीदने के लिए गए थे। वहाँ से लौटने के दौरान चिरचारी मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई। उसके बाद कार में सवार लोगों की चीख पुकार सुनकर लोगों की भीड़ उमड़ गई और कार में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर हॉस्पिटल भेजा गया है। वहीं, इस दुर्घटना में गंभीर चोट के निशान नजर नहीं आ रहे है, लेकिन अंदरूनी चोट होने की आशंका जताई जा रही है। इस घटना में नई टीवी पूरी तरह टूट चुकी है तथा कार के भी परखचे उड़ गए हैं। वहीं, मामले की जानकारी मिलने के पश्चात गुरुर पुलिस की टीम और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई।

- बालोद-धमतरी मुख्य मार्ग पर चिरचारी मोड़ के पास हुई दुर्घटना

# गांजा की कीमत बढ़ी, पर कम नहीं हो रहे नशा करने वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गांजा की कीमत बढ़ने से इसका नशा करने वाले लोगों को जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ रही है। शनिवार को सरदार पटेल मैदान में बैठ कर गांजा का नशा कर रहे कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अब शहर में गांजा का दाम बढ़ गया है, पहले 20 रुपए से लेकर 50 रुपये तक गांजा मिल जाता था, लेकिन इन दिनों इसकी अवैध बिक्री करने वालों ने दाम बढ़ा दिए हैं। अब गांजा की एक छोटी पुड़िया खरीदने के लिए 100 रुपए देना पड़ता है, जबकि 100 ग्राम गांजा खरीदने पर 600 रुपए देना पड़ रहा है। गांजा का नशा करने वालों ने शहर के जवाहरपारा सहित कुछ अन्य जगहों पर अवैध रूप से गांजा बिकने की बात भी बताई, लेकिन किस जगह और कौन बेचता है, इसकी जानकारी नहीं दी गई।

- छोटी पुड़िया के लिए खर्च करने पड़ रहे 100 रूपए



**सुनसान जगहों पर नशेड़ियों का जमघट-** शहर के सरदार पटेल मैदान, गंगा सागर गॉर्डन, जवाहरपारा के अमातालाब पार, संजय नगर के दशहरा तालाब पार, काशीबन तालाब पार, स्टेडियम सहित शहर ▶▶|शेष पेज 12 पर

# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चिखली की प्राची का चयन

**दल्लीराजहरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिखली में अध्ययनरत कक्षा आठवीं की छात्रा प्राची पोर्ते पिता नरेश पोर्ते का चयन फुटबॉल 14 वर्ष जो कि रांची झारखंड में 16 से 21 जनवरी के लिए हुआ है। बालोद जिले से एकमात्र बालिका प्राची इस 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रशिक्षण चंद्रशेखर पवार ने बताया कि प्राची को फुटबॉल सीखते हैं डेढ़ वर्ष हो गए हैं और अपनी मेहनत के बल पर वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खैरागढ़ में बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया था, वहां पर राष्ट्रीय स्तरीय फुटबॉल 14 वर्ष के लिए प्राची का चयन हुआ। प्राची आदिवासी परिवार से है इनके पिता जनरल स्टोर दल्ली राजहरा में कार्य करते हैं, परंतु अपनी बिटिया को खेल के लिए हर सुविधा देने को तैयार रहते हैं। प्रशिक्षक ने बताया कि प्राची 2 घंटे सुबह और 2 घंटे शाम को गांव के अन्य बच्चों के साथ अभ्यास करती है। शुरुआत में ▶▶|शेष पेज 12 पर



# श्रमिक यूनियनों ने सेल में 29 व 30 को काम बंद हड़ताल का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा के समस्त बीएसपी के खदान सहित समूचे सेल के नियमित व ठेका कर्मचारियों के आधे अधूरे वेतन समझौते से आक्रोशित नियमित एवं ठेका श्रमिकों ने आगामी 29 और 30 जनवरी को सेल में काम बंद हड़ताल का ऐलान किया है ।

श्रमिकों ने बताया कि सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता जो कि 2017 से लंबित था, उसे 2021 में आधे अधूरे तरीके से संपन्न किया गया है। वेतन समझौते पर कई यूनियनों ने हस्ताक्षर नहीं किया इसके बावजूद वेतन संशोधन आधा अधूरा लागू कर दिया गया है। जिसमें सबसे बड़ी बात रही की 2017 से अप्रैल 2020 तक का एरियर्स की राशि आज तक सेल कर्मचारियों को भुगतान नहीं की गई है। इसी तरह नाइट शिफ्ट ▶▶|शेष पेज 12 पर



- एसकेएमएस, सीटू, इंटक, सीएमएसएस, एवं जन मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधियों ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**ग्राम पलारी में तीन दिवसीय राम चरित मानस सम्मेलन में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री साव**

# श्रीराम का ननिहाल है छत्तीसगढ़, उनका मिल रहा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पलारी में तीन दिवसीय राम चरित मानस सम्मेलन के दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री अरूण साव पहुंचे। अरूण साव ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। उनका आशीर्वाद छत्तीसगढ़ की पावन भूमि पर हमेशा बना हुआ है।

श्री साव विगत 13 फरवरी की देर शाम जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पलारी में आयोजित 03 दिवसीय दिव्य मानस महोत्सव व्याख्यान माला महाकुंभ में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम भगवान श्री राम की पूजा–अर्चना कर प्रदेश मे खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में आयोजक समिति संरक्षक सुरेश, लखन लाल गुरूपंच, अध्यक्ष टेफलाल सोनबेर, उपाध्यक्ष पूर्णेश्वर गंगबेर, कोषाध्यक्ष सन्तोष गंगबेर, सचिव गजेंद्र महमल्ला, सहसचिव यानेश कुमार व ग्रामीणों द्वारा उप मुख्यमंत्री साव का उत्साह भरे माहौल में स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अरूण साव ने कहा कि भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश व दुनिया के साथ ही छत्तीसगढ़ में उत्साह का माहौल बना हुआ है, इसी खुशी के मौके पर 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ के गांव–गांव में दीपावली मनाया जाएगा। इसके लिए गांव–गांव, गली–गली में लोग 22 तारीख को त्यौहार के रूप में मनाने तैयारी में लगे हुए हैं, पूरा छत्तीसगढ़ राममय हो गया है।





उपमुख्यमंत्री श्री साव ने रामचरितमानस के समुद्र प्रसंग पर संक्षिप्त व्याख्यान भी दिया। भगवान श्रीराम के नाम की शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके शत्रु को भी भगवान श्रीराम के नाम का सहारा लेना पड़ा था। हम सभी को भगवान श्रीराम के गुणों का आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में आयोजक समिति द्वारा उप मुख्यमंत्री साव को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका परिषद बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### हमें भगवान श्रीराम के गुणों को आत्मसात करना चाहिए

### बालोद में रोजगार मेला कल

**बालोद।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, शासकीय आईटीआई के समीप बालोद में रोजगार मेला का आयोजन 16 जनवरी को प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में विभिन्न नियोजकों द्वारा सेक्युरिटी गार्ड के 200 पद, कस्टमर सपोर्ट एजेक्युटिव के 50 पद, असेम्बली आपरेटर के 10 पद, ब्युटी थैरेपिस्ट के 11 पद कुल 416 पदों के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवा उपरोक्त दिनांक व स्थान को समय 10 बजे से पंजीयन करा सकते हैं। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज शासकीय आईटीआई बालोद के समीप उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा अपने मूल दस्तावेज की प्रति व 01 प्रति फोटो कॉपी जैसे शैक्षणिक, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 02 पासपोर्ट साइज फोटो व अन्य के साथ उपस्थित होंगे।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री साय से मिले भाजपा नेता अनूप

**गुरूर ।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से क्षेत्र के युवा भाजपा नेता अनुप साहू ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान अनुप साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बालोद विधानसभा के विकास कार्यों, क्षेत्र में आयोजित संकल्प यात्रा तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की।

### मनौद में मड़ई-मेला 21 को

**बालोद।** ग्राम मनौद में 21 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। मुनेश कुमार, लख्खू साहू, मधु साहू, जानवी साहू ने बताया कि इस उपलक्ष्य में रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का आयोजन किया गया है।

### बालोद के बच्चों ने विज्ञान केन्द्र व परखौती मुक्तांगन का किया भ्रमण




**बालोद।** केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत राष्ट्रीय अविष्कार अभियान 2024 के परिपालन में समग्र शिक्षा बालोद द्वारा सेकंड्री स्तर कक्षा 9 से 12 तक के लगभग 440 बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए विज्ञान केन्द्र रायपुर तथा परखौती मुक्तांगन का भ्रमण कराया गया। बच्चों द्वारा विज्ञान केन्द्र में स्थापित विज्ञान के विभिन्न आयामो, सिद्धांतों का अवलोकन प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर आनंदित हुए और शासन के इस योजना के लिए सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह जानकारी सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा डीपी कोसरे ने दी।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता खेलकर लौटी ज्योति, नगरवासियों ने किया जोरदार स्वागत



**डौंडी।** 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद ज्योति चौरका अपने गृहनगर लौटीं। लुधियाना (पंजाब) में 6 से 11 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी से ज्योति चौरका के नेशनल खेलकर लौटने पर उसके साथी खिलाड़ियों, कोच और पालकों ने जोरदार स्वागत किया। गौरतलब है कि सितंबर माह में दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर ज्योति को छत्तीसगढ़ की टीम में शामिल किया गया था।

स्पर्धा : दरगहन में शुरू हुई डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता

# कबड्डी में शारीरिक बल के साथ बुद्धि कौशल की भी जरूरत, एकाग्रता से मिलती है जीत : राकेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम दरगहन में एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन राजा राव बाबा कबड्डी क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से किया जा रहा है।

कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद राकेश यादव ने पवन पुत्र हनुमान जी की पूजा अर्चना एवं फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ईशा प्रकाश साहू ने की। विशेष अतिथि अध्यक्ष भारतीय किसान संघ बालोद देवचंद साहू, उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ बालोद अरुण साहू, सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन विजेंद्र धुरव, बिसाऊ राम साहू, कल्याणपुरी गोस्वामी, उपसरपंच ग्राम पंचायत दरगहन कामता प्रसाद देवांगन, सचिव ग्राम पंचायत दरगहन बृजलाल कोर्राम, ग्राम पटेल मोहन साहू, अनुज यादव, अशोक कामडे, कबिलास कोर्राम, संतोष साहू, संतु चंद्रवंशी, तुलसी नेताम, बंशीलाल मंडावी रामप्रसाद रहे।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राकेश यादव ने कहा कि कबड्डी खेल रोमांच का खेल है। इसमें युवाओं को अपनी ताकत के साथ साथ बुद्धि का भी प्रदर्शन करना होता है। युवाओं को ऐसी प्रतियोगिताओं में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।इससे न सिर्फ उनकी शारीरिक क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी बौद्धिक क्षमता में भी विस्तार होता है।

उप सरपंच कल्याणपुरी गोस्वामी ने युवाओं को खेल के प्रति कहा कि कबड्डी का खेल एकता व सद्भाव की भावना का प्रतीक है खेल हमेशा एकजुट रहने व संघर्ष करने की प्रेरणा देता है जो युवा पीढ़ी के लिए जरूरी भी है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना की और कहा कि हमें ऐसे आयोजन करके युवाओं को समय–समय पर ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन करते रहना चाहिए।

## ठेकवाडीह में शुरू हुई डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में शनिवार को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शुभम कबड्डी क्लब एवं ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त बिजली विभाग गणेश राम मरकाम थे, अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रोफेसर चिंताराम साहू ने की।



विशेष अतिथि खुमान यादव, आत्माराम साहू, कन्हैया राम साहू, रवि यादव, परमानंद साहू, गेंदलाल भंडारी, प्रवीण कुमार, दुष्यंत कुमार साहू, नोहर साहू, हेमंत साहू, ईश्वर साहू, पूर्णोत्तम साहू रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ वीर हनुमान जी की तैलचित्र पर पुष्प हार पूजा अर्चना कर किया गया।

शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि चिंताराम साहू ने कहा कि कबड्डी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत लाभकारी है। खेलों से राष्ट्रीय एकता सद्भावना अनुशासन और आपसी भाईचारे की भावना भी प्रबल होती है। स्पर्धा में प्रतिभागिता सबसे जरूरी है। हार और जीत उसी की होती है जो प्रतिभागिता दर्ज कराता है। कबड्डी का यह खेल एकता और सद्भाव की भावना का प्रतीक है।हेमंत साहू ने कहा कि खेल जहां एक ओर शरीर को हृष्ट–पुष्ट शक्तिशाली निरोग तथा बलवान बनाता है, वहीं इससे स्वस्थ होता है। खेलों से आपसी भाईचारे विश्वास प्रेम सौहार्द आज्ञाकारिता तथा अनुशासन का भाव विकसित होता है। खेल के मैदान में ही हम हार–जीत का सबक लेकर स्वस्थ मानसिकता का विकास कर सकते हैं। खेलों से उचित निर्णय क्षमता का विकास होता है। ये मनोरंजन और व्यायाम का उत्तम मिश्रण है शिक्षा के साथ खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सहयोगी होता है।

प्रवीण साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। निश्चित रूप से जब आसपास के गांवों से भी खिलाड़ी इस स्पर्धा में भाग लेने आते हैं तो उससे खिलाड़ियों सहित आपसी गांवों की भी एकता और प्रगाढ़ होती है। इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए।

## धनोरा में रामकथा एवं मारुति यज्ञ का आयोजन फरवरी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में माघी पूर्णिमा मेला के अवसर पर 16 से 24 फरवरी तक रामकथा एवं मारुति यज्ञ सुबह 8 बजे से 11 बजे तक यज्ञ हवन एवं दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक राम कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में उक्त निर्णय लिया गया।

दरबार प्रतिनिधि चंद्र कांत कोसरे एवं कुंजलाल साहू ने बताया कि कथावाचक बाल व्यास तिलेन्द्र महाराज होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 16 फरवरी को दोपहर 2 बजे भव्य कलश शोभायात्रा के साथ होगी। इस दौरान 301 कलश के साथ गली भ्रमण किया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि में मनोरंजन के लिए बांस गीत, जस झांकी, नाचा गम्मत, रामायण, जगराता का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 24 फरवरी को माघी मेला मड़ई तथा रात्रि में महादेव हिरवानी का छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर की प्रस्तुति दी जाएगी। तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में दरबार के लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा, राजू यादव, विनोद कुमार साहू, गुलाब साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## फागुनदाह में संगीतमय मानसगान सम्मेलन 20 से

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में दो दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 20 जनवरी से किया गया है, जिसका समापन 21 जनवरी को होगा। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर बिरेस ठाकुर होंगे, अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद मीना सत्येन्द्र साहू करेंगी।

20 जनवरी को जय दंतेश्वरी मैया मानस मंडली फागुनदाह गुरूर, श्रद्धा मानस परिवार पेरपार गुरूर, श्रद्धा महिला मानस परिवार मड़ियापार बालोद, अनुराग मानस परिवार बेलतरा, तुलसी के बिरवा मानस मंडली नागाबुड़ा, भजन संध्या मानस मंडली पेण्ड्रा, ज्ञान गंगा महिला मानस कोचेरा की प्रस्तुति होगी। समापन समारोह 21 जनवरी को होगा, जिसके मुख्य अतिथि सांसद कांकेर लोकसभा मोहन मंडावी होंगे, अध्यक्षता पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू करेंगे। इस दिन वीर कचना धुरवा मानस मंडली डाभा, सोन चिराईया मानस मंडली लाभाडीह, माधुरी महिला मानस मंडली नहरगांव, जय गंगा मैया माना परिवार नवनारा, श्री राम भक्ति धारा मानस परिवार तोरला, श्री कृष्ण मानस मंडली बावनलाख, मां के ममता मानस मंडली चिल्हाटी की प्रस्तुति होगी।

## स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण करें : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



स्व.पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर वार्षिक उत्सव ' युवान ' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। विशिष्ट अतिथि रूपेश देशमुख सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग,मुक्ति सुधाकर सरपंच ,ग्राम पंचायत निकुम ,माधव प्रसाद देशमुख भूतपूर्व जिला पंचायत सदस्य, गिरीश मंडल अध्यक्ष, पंच राम देशमुख सांसद प्रतिनिधि, चिमन लाल देशमुख सांसद प्रतिनिधि, भागवत साहू थे।

- स्व.पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस
- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक

उक्त अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने स्वयं सेवकों एवं छात्रों को युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। स्वागत भाषण डा. सीमा जायसवाल असिस्टेंट प्रोफेसर कॉमर्स ने एवं महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य डा डी.के.बैलेंद्र ने प्रस्तुत किया। एनएसएस प्रभारी वेद प्रकाश ठाकुर असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी द्वारा स्वामी जी के जीवन एवम आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए, बेहतर समाज के निर्माण के लिए युवाओं का आह्वान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारत के विभिन्न प्रांतों के लोक नृत्य ,शास्त्रीय नृत्य ,छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य एवं बॉलीवुड नृत्य की छटा बिखेरकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने छात्रा निशा साहू का एनएसएस के राष्ट्रीय साहसिक शिविर हिमाचल प्रदेश में चयन के लिए मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। उसके बाद महाविद्यालय में वर्ष भर में आयोजित विभिन्न साहित्यिक ,सांस्कृतिक, वार्षिक खेलकूद, रेड क्रॉस,महिला सेल,कला वाणिज्य एवं विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन पूजा सोढा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं अन्नपूर्णा यादव प्रभारी विज्ञान संकाय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन गोपाल पाली अतिथि व्याख्याता भौतिक शास्त्र ने किया।



कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक अंजू रानी ठाकुर, डॉ ओंकार प्रसाद चंद्रा, डॉ शिप्पी देवांगन, जीवंतिका ठाकुर, ओम प्रकाश, कामता प्रसाद बंजारे, टीपी देशमुख, नारद साहू,अमित सिंह ,देवेंद्र साहू,प्रियंका साहू,राजेश्वरी एवम छात्र गजेंद्र ,नितिन,सूरज,आयुष, डामन, अभिषेक,नम्रता ,पूजा ,प्रिया,हर्षा,दुर्गा,ओमश्वरी,दुर्गेश,रूपाली का विशेष योगदान रहा।

## बच्चों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम बालोद के द्वारा ग्राम देवारभाट में एनएसएस कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद सुमन सिंह ने बच्चों को कानूनी जानकारी प्रदान की।

उन्होंने उपस्थित बच्चों को पॉक्सो एक्ट, मोबाइल से अपराध, मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम, यातायात के नियमों के संबंध में, बालश्रम, बाल अपराध, रैगिंग से संबंधित, सायबर अपराध, महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न, सूचना का अधिकार, गिरफ्तारी के दौरान महिलाओं के कानूनी अधिकार, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, नालसा टोल फ्री नंबर, निःशुल्क विधिक सहायता, एफआईआर प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं अन्य विधिक से संबंधित जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के एनएसएस प्राभारी ईश्वर लाल उइके एवं एचएल पटेल, सरपंच वर्षा जाचक, पूर्व जनपद पंचायत सदस्य लता कोर्राम एवं समस्त ग्रामवासी, पैरालीगल वालेंटियर रमेश शर्मा, कमलेश्वर साहू, गौकरण प्रसाद, गिरधारी लाल, संजना यादव उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष...

### गांजा की कीमत...

के अन्य गॉर्डन व सुनसान जगह पर गांजा का नशा करने वालों को आसानी से देखा जा सकता है। इसके साथ ही शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवा गांजा के नशे की गिरफ्त में हैं, जिसके कारण आपराधिक घटनाओं को भी अंजाम दिया जा रहा है। शहर के दर्जन भर जगहों में नशेड़ियों का सुबह से देर रात तक आना जाना लगा रहता है, जहां वे गांजा का नशा करते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में गांजा की अवैध बिक्री उच्च स्तर पर हो रही है और लाखों के अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है।

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता...

प्राची के पास जूते नहीं थे तब खाली पैर अभ्यास करती थी, जिसे देखकर जगप्रीत संधू व अभिनव झा ने बच्ची को जुता व मोजा प्रदान किए थे। प्राची के 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता फुटबॉल 14 वर्ष के लिए चयन होने पर एसडीएम प्राची ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल केपी साव, जनपद सीईओ डीडी मांडले, प्राचार्य विनीता सैनी, बोईओ जयसिंग भारद्वाज, जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, सपन जेना देवराज मलिक, ग्राम पंचायत चिखली के सरपंच अहिल्याबाई रावटे, चंपालाल सागर, संकुल के समस्त शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### श्रमिक यूनियनों ने...

एलाउंस, एचआरए, दासा जैसे मुद्दों पर भी कोई निर्णय नहीं किया गया है। एक तरफा ढंग से ग्रेज्यूटी की कटौती की गई तथा ठेका श्रमिकों के महत्वपूर्ण योगदान को दरकिनार करते हुए आज तक उन्हें एक फूटी कौड़ी का भुगतान भी नहीं किया गया। आश्चर्य की बात यह है कि सेल कर्मचारी सेल के नियमित एवं ठेका कर्मचारियों द्वारा इस विषय पर सभी इस्पात संयंत्रों और खदानों में लगातार आंदोलन होने के बावजूद सेल प्रबंधन ने इन मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया और वेतन समझौते की सर्वोच्च कमेटी की की बैठक तक नहीं बुलाई, जिससे आक्रोश इस कदर बढ़ गया कि सेल में सक्रिय सभी यूनियनों ने संयुक्त मोर्चा बनाकर 29 और 30 जनवरी को संपूर्ण सेल में काम बंद हड़ताल की घोषणा कर दी है। इसी कड़ी में पूरे सेल के सभी इस्पात संयंत्रों एवं खदानों में प्रबंधन को हड़ताल का नोटिस सौंपा गया । लौह अयस्क खान समूह राजहरा में भी एसकेएमएस,सीटू, इंटक, छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ, एवं जन मुक्ति मोर्चा ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित हड़ताल नोटिस प्रबंधन को सौंपा। इस नोटिस सेल स्तर की 14 मांगों के अलावा खदान स्तर की दो मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है। लौह अयस्क खान समूह में एसकेएमएस, सीटू, इंटक, सीएमएसएस, एवं जन मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधियों ने डायरेक्टर इंचार्ज भिलाई इस्पात संयंत्र के नाम से संबोधित हड़ताल नोटिस, मुख्य महाप्रबंधक आईओसी राजहरा को सौंपा। इसके साथ ही यूनियनों ने घोषणा की है कि जल्द ही खदान के सभी विभागों का संयुक्त रूप से दौरा कर हड़ताल को मुकम्मल सफल बनाने का अभियान प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## सड़क किनारे खड़ी महिला का पर्स छीनकर भागा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रानी माँ मंदिर में सड़क किनारे लगी दुकान के पास से एक महिला के हाथ से बैग छीनकर नकाबपोश फरार हो गया। चोर पर्स में से नकद रकम लेकर बाकी सामानों को बेग में ही डाला और जंगल में छोड़कर फरार हो गया। वन क्षेत्र में इस प्रकार की लूट से राहगीरों में भय व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार मामले की शिकायत थाने में नहीं की गई है।

- नकद रकम निकालकर मोबाइल, एटीएम व आधार कार्ड सहित पर्स जंगल में फेंका

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हीरापुर निवासी दिनेश्वरी साहू बीते शनिवार दोपहर लगभग 3 बजे ग्राम हर्राठेमा से रानी माँ मंदिर के पास सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान एक नकाबपोश व्यक्ति पहुंचा और महिला के हाथ से बैग छीनकर जंगल की ओर फरार हो गया। वहीं, बैग में मोबाइल, एटीएम, आधार कार्ड और लगभग 150 रूपये नकदी रकम थी। घटना के बाद महिला अपने घर पहुँची और इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। उसके बाद रविवार सुबह महिला अपने पति और अन्य लोगों के साथ रानी माँ मंदिर से लगे जंगल की ओर मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर पहुँचे, जहाँ एक पेड़ के पास बैग मिला। बैग में एक मोबाइल, एटीएम और आधार कार्ड सुरक्षित थे, लेकिन नकदी लगभग 150 रूपये गायब थे। उधर, राहगीरों में चोरी को लेकर डर बना हुआ है।

## खबर संक्षेप



### क्विज में गुलशन प्रथम

**डौंडीलोहारा।** शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला डौंडीलोहारा में विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज में गुलशन निषाद कक्षा सातवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पवनकुमार आठवी द्वितीय तथा मयंक आठवी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीचंद सोनवानी ने किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार लोकेश्वर निषाद द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सातो धनकर, वंदना साहू तथा हरीश सिन्हा आईसी प्रभारी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन लिखमी चंद सार्वा ने किया।

### रामचरितमानस ग्रंथ वितरण समारोह 17 को

**गुण्डरदेही।** 17 जनवरी को गुण्डरदेही में तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राम चरित मानस ग्रंथ का वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे, अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह करेंगे। विशेष अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद कांकेर लोकसभा मोहन मंडावी व अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ गोपाल वर्मा होंगे। सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन ने बताया कि कार्यक्रम गुण्डरदेही नगर के जेएलएम इंग्लिश मीडियम स्कूल के मैदान में आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 बजे छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों द्वारा भजन गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। 12 बजे अतिथियों का आगमन होगा। श्री जैन ने बताया कि सांसद मोहन मंडावी द्वारा मानस ग्रंथ का 48 हजार प्रतियां अंचल में बांटी जा चुकी हैं और 51 हजार का लक्ष्य को पूरा करने 31 सौ प्रतियों का वितरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि यह गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने जा रहा है।

## निधन

### शिवनारायण साहू



**गुरूर।** गुरुर निवासी शिवनारायण साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में आज सुबह किया जाएगा। वे खिलावन साहू के पिता जी और प्रेस रिपोर्टर संदीप साहू के दादा जी थे।

**सम्मान : श्री महावीर गौशाला एवं अनुसंधान केन्द्र में मनाया गया मकर संक्राति**

# गौ रक्षक, गौ सेवक और समाज सेवकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

श्री महावीर गौशाला एवं अनुसंधान केन्द्र में मकर संक्राति उत्सव मनाया गया। गौ माता की पूजा अनुष्ठान के साथ गौ रक्षकों, गौ सेवकों, समाज सेवियों का सम्मान किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष समीर गुप्ता को उनकी टीम के साथ शपथ ग्रहण कराया गया।

नगर में संचालित श्री महावीर गौशाला एवं अनुसंधान केन्द्र में रविवार को मकर संक्राति उत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नगर के प्रतिष्ठित गौ सेवक व समाजसेवी शंकर लाल श्रीश्रीमाल थे, अध्यक्षता प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं जैन श्री संघ प्रमुख डॉ प्रदीप जैन ने की। मदनलाल बाफना, दीपक उपाध्याय, मोहन भाई पटेल मंच पर अतिथि के रूप मे उपस्थित थे।

गौ सेवक नरेन्द्र जोशी, मानव जैन, आशीश यादव, आशु कौशिक, जीव यदु, अमित बिसाई, लक्की साहू, राकेश अलेन्द्र, चिकू कौशिक, परितोश साहू, को गौ रक्षक सम्मान प्रदान किया गया। अंकेश साहू, देवव्रत साहू, विष्णु यादव, गिरधर यादव, नमन यादव को गौ सेवक सम्मान प्रदान किया गया।





### सौभाग्य व समृद्धि की प्रतीक रही है गाय

वक्ताओं ने कहा कि गाय मात्र एक पशु नहीं है। इसे गौ माता के रूप में शास्त्रों में पूजा व स्थान दिया गया है। गौ माता की रक्षा के लिए प्राचीनकाल में कई बड़े युद्ध हुए हैं। आदिकाल से गाय सौभाग्य, समृद्धि की प्रतीक रही है। प्राचीनकाल में गौ माता को गौ धन के रूप मे माना जाता था। गौ माता एक पूरी चिकित्सालय है, जिसके गोबर गौमूत्र से कई बीमारियों का उपचार संभव है। कार्यक्रम को निवृतमान अध्यक्ष मुकेश जैन एवं नव नियुक्त अध्यक्ष समीर गुप्ता ने भी संबोधित किया।



समारोह में गौ शाला मे निःस्वार्थ भाव से गौ वंशों की चिकित्सा करने वाले उपसंचालक पशु डॉ डीके सिहारे, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ टीडी देवांगन, डॉ पीएल साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

वहीं, नव नियुक्त अध्यक्ष समीर गुप्ता, सचिव विनय सोनी, कोषाध्यक्ष आरएन चोपड़ा को शपथ ग्रहण कराया गया। निवृतमान अध्यक्ष मुकेश जैन का उनके उल्लेखनीय, सफल एवं उपलब्धियों से भरे कार्यकाल के लिए गौशाला परिवार व नगर के गौ सेवकों, गौ भक्तो व दानदाताओं ने स्मृति चिन्ह, श्रीफल देकर अभिनंदन कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान गौ शाला परिवार में मुदेवा जैन, विमल, ज्ञानचंद सांखला, विमल श्रीश्रीरमाल, छोटे लाल चन्द्राकर, राज सोनी, संजीव सोनी, जगदीश पटेल, धीरज उपाध्याय, तरूण बड़तिया, संतोश, संतोश दुबे, साविन पटेल, मदन मोहन खटवा, विनोद जैन, मानस गोयल, उदे साहू, देवव्रत साहू, देवेन्द्र डोंगरी, जितेन्द्र सोनी, वसंत शर्मा, हरेसदास उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सचिव प्रतिवेदन विनय जोशी ने प्रस्तुत किया। इस दौरान गौमाता से जुड़े धार्मिक, अध्यात्मिक, चिकित्सकीय, प्रश्नों का उत्तर उपस्थित गौ भक्तों ने दिया। प्रश्नोत्तरी में बालोद के इतिहास से जुड़े प्रश्नो नें बच्चों को उलझाया, जिसका वरिष्ठजनों ने समाधान किया।

# लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा : वीरेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम कांदुल में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों के भीतर देश में जो परिवर्तन आया है। उससे दुनिया में भारत का जो सम्मान बढ़ा है, वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए विकास योजनाओं के चलते ही संभव हो सका है।

वीरेंद्र साहू ने कहा कि इसका उद्देश्य है कि कोई भी लाभार्थी छूट न जाए, जिसको हमने लाभ पहुंचाया है वह लाभ उस तक पहुंचे और लाभ पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं आए, इसलिए सरकार उसके द्वार, सरकार उसकी पंचायत, सरकार उसके निगम में, सरकार उसके ग्राम वार्ड में, पहुंचकर उसको याद कराए कि यह सुविधा तुमको मिलनी है और तुम इससे वंचित न रह जाओ इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

**विकसित भारत की ओर हमें चलना है-** पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री का नजरिया बड़ा स्पष्ट है कि अगर विकसित भारत की ओर हमें चलना है तो हमारे गांव आबाद होने चाहिए, विकसित होने चाहिए। हमारे प्रदेश में कोई गरीब नहीं रहना चाहिए। हमारे देश प्रदेश में युवा अग्रसर हो आगे बढ़े इसकी हमें चिंता करनी चाहिए, हमारे देश में महिलाओं का सशक्तिकरण हो इसकी चिंता करनी चाहिए, हमारे देश में किसान तीव्र गति से आगे बढ़े इसकी हमको चिंता करनी चाहिए और इसीलिए यह सारी योजनाएं गांव के वंचित भाई बहन, युवा किसान, कोई भी व्यक्ति छूट न जाए इसलिए यह यात्रा महत्वपूर्ण है।




# शासकीय विद्यालय गुण्डरदेही में मना युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही में युवा दिवस मनाया गया। अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही रानू हेमंत सोनकर ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शुभकामनाएं दी।

अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही सुचित्र हेमंत साहू ने छात्र छात्राओं से अपने विद्यालय जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए अनुशासित होकर अपने लक्ष्य को हासिल करने की प्रेरणा दी। जिला संगठक डाक्टर लीना साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के एक मंच प्रदान करता है, जिससे युवाओं के व्यक्तित्व और सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है और युवा



नियमित दिनचर्या का पालन करते हुए अपने अच्छे भविष्य का निर्माण स्वयं कर सकते हैं। शाला प्रबंधन और विकास समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत प्राचार्य एचएल देवांगन ने स्वयं सेवकों के कार्य की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की हार्दिक बधाई दी। प्राचार्य अजय चौधरी और प्रधान पाठक संलग्न पूर्व माध्यमिक शाला गुण्डरदेही ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर विचार देते हुए अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। स्वामी विवेकानंद जयंती और स्वयं सेवक सम्मान समारोह में व्याख्याता टीआर चंद्रवाशी, टीएल साहू, ओपी साहू, केके हिरवानी, पांडे, गाइड कैप्टन किरण ठाकुर, बी मांडवी, पीटीआई निर्मलकर, छात्र प्रतिनिधि चंदन, सात दिविसीय शिविर नायक अमित सोनकर, टिकेश्वरी, दीपिका, हर्ष सोनकर, कविता बंजारे सहित सभी ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग दिए, सभी स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र और मेडल पहना कर उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संजय शुक्ला कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविरों में 1702 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड वितरित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविरों में कुल 1702 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 215 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 68 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 188 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 204 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 23 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम जमरूवा और नर्रा तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पसौद, परसुली, धनगांव और कसही लो तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खपरी, खुरसुनी, खुटेरी खे, कांदुल, लिमोरा, सियनमरा में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कुलिया औश्र भेजामैदानी तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सल्हाईटोला और कामता में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयॉ भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

# विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

**शासकीय विद्यालय किल्लेकोड़ा में तंबाकू निषेध दिवस का किया गया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल किल्लेकोड़ा में तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य अजय मुखर्जी के संरक्षण में तथा सीजी पटेल व्याख्याता के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि आज की तारीख में बहुतायत पैमाने पर हमारे युवा पीढ़ी नशा का सेवन करने लगे हैं। उनमें से एक नशा तंबाकू का है, अतः हमें उनसे बचने का प्रयास करना चाहिए। वाय. एस. मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता ने कहा कि तंबाकू का सेवन भयावह बीमारी को आमंत्रित करता है। अतः उससे दूरी बनाए रखना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता डा.बीएल साहसी ने कहा कि तम्बाकू सेवन करने वालों को अधिकांशतः कैंसर की बीमारी होती है, जो पूरे जीवन काल को समाप्त कर देता है।




इसलिए हमें अपने परिवार, ग्राम, व समाज को जागृत करने की महती आवश्यकता है। ऐसे गंभीर बीमारी से हमें दूरी बनाए रखना नितांत आवश्यक है। प्राचार्य ने कहा कि तंबाकू का सेवन करने वालों को सावधान हो जाना चाहिए कि, इससे जो गंभीर बीमारी होती है वह हमारे परिवार, समाज सभी को प्रभावित करने के साथ-साथ भयावह स्थिति पैदा कर देती है। अतः हम सबको इस नशा के प्रति मिलजुल कर लोगों को समझाने और जागृत करने के लिए एक अभियान चलाने की आवश्यकता है। उसके बाद व्याख्याता श्री पटेल ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। आभार प्रदर्शन जी. पटेल व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित थे जिनमें सर्वप्रथम जे.पी. बांधव व्याख्याता, हमेंद्र साहू व्याख्याता, त्रिजला ठाकुर मैडम ,ललित देवहारी ,श्रवण यादव, खगेश ठाकुर तथा कुशल देवदास सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कलेक्टोरेट में अब प्रत्येक कार्यदिवस पर होगा जनदर्शन

**बालोद।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार अब संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में सप्ताह में प्रत्येक कार्य दिवस में होगा जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इससे अब आम जनता सप्ताह में किसी भी दिन संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर आवेदन सौंप सकते हैं। कलेक्टर चंद्रवाल ने आदेश जारी कर प्रशासनिक – ष्टिकोण से जनदर्शन कार्य के सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं प्रत्येक कार्य दिवस में जनसामान्य से प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए अधिकारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की है। जारी आदेश के अनुसार सोमवार को जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अनुराग द्विवेदी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार मंगलवार को संयुक्त कलेक्टर ए.के.लकड़ा, बुधवार को अंत्यावसायी विभाग के कार्यपालन अभियंता सतीश राजपूत, गुरूवार को जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ए.के.बंजारे और शुक्रवार को उप संचालक पंचायत आकाश सोनी की ड्यूटी लगाई गई है। संयुक्त कलेक्टर ए.के.लकड़ा को लिंक अधिकारी बनाया गया है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### चिंगरी में गायत्री यज्ञ जारी

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में ग्रामीण व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री यज्ञ पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तीसरे दिन सुबह 8 से 11 बजे तक यज्ञ में ग्रामीण व गायत्री परिवार मन्त्रोच्चार के साथ जन कल्याण परिवार कल्याण व समाज कल्याण के लिए आहुति दी गई। दोपहर 1 से शाम तक पावन प्रज्ञा पुराणकथा हुआ प्रवचनकर्ता सुरेश दीन व ग्रामीण उपस्थित थे।

### युवा दिवस पर स्वयंसेवक कल्पना ने किया रक्तदान



**दल्लीराजहरा।** युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना दल्लीराजहरा की स्वयंसेवक कल्पना बम्बोड़े ने 5वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयन्ती मनाई जाती है। आज के दिन को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद ने युवा जगत को नहीं राह दिखाई जिसका भारतीय जनमानस पर बेहतरीन प्रभाव हुआ और आगे भी युगों युगों तक इसका प्रभाव रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के ओजपूर्ण विचार हमेशा से युवाओं को प्रेरित करते रहे हैं।

### गुंडरदेही में किया गया पीएम मोदी के संदेश का सीधा प्रसारण



**गुण्डरदेही।** राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के युवाओं के लिए संदेश का लाइव प्रसारण नगर पंचायत गुण्डरदेही के सभाकक्ष में दिखाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन, पार्षद शंकर यादव, नगर के युवा साथी, नगर पंचायत के इंजीनियर कृपाराम बर्मन, छम्मन साहू, उमेश ठाकुर, जागेश्वर यादव, पूजा साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी व नगरवासी उपस्थित थे।

## निधन

### तिजिया बाई साहू



**अंडा।** ग्राम रिसामा निवासी फगवां राम साहू की पत्नी पूर्व जनपद सदस्य तिजिया बाई साहू उम्र 75 वर्ष का 14 जनवरी को निधन हो गया। वे डा पिलेश्वर साहू की माता जी थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

# शिशु वाटिका में बच्चों के साथ माताओं ने भी किया प्रतिभा का प्रदर्शन, जीते पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में शिशु नगरी कार्यक्रम के अंतर्गत शिशु वाटिका के तहत कक्षा अरुण, उदय, प्रथम एवं द्वितीय तक की छात्र-छात्राओं एवं माताओं ने विविध प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजयी माताओं एवं बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्पर्धा में भागीदार रहे अन्य माताओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। माताओं ने रंगोली, मेंहदी, कुसएँ दौड़, फुग्गा फुलाओ प्रतियोगिताओं में जमकर उत्साह का प्रदर्शन किया। वहीं, बच्चों ने पांचों इंद्रिय विकास कक्षाशरू, सामूहिक नृत्य, मेढ़क व जलेबी तथा 50 मीटर दौड़, बास्केट बाल, फुगड़ी, चम्मच दौड़ आदि में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभाशाली माताओं एवं बच्चों ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दुर्ग जिला संघ चालक गंगाधर राव जाधव के हाथों सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर विद्यार्थियों ने व्यंजन मेला का आयोजन किया। कक्षा अरुण उदय प्रथम द्वितीय के बच्चों ने समूह नृत्य की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृशक्ति ललिता बंजारे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिशु वाटिका के सारे आयाम महती भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ साथ माताओं के लिए विविध खेल स्पर्धाओं का आयोजन एक पारिवारिक वातावरण तैयार करता है। कार्यक्रम को डामिन सिन्हा, राधिका चंद्राकर ने भी संबोधित किया। मातृशक्ति में कुर्सी दौड़ में ललिता बंजारे, मेंहदी में भावना साहू, फुग्गा स्पर्धा में ललिता बंजारे तथा अरुण उदय प्रथम एवं द्वितीय के प्रतिभाशाली बच्चों ने विविध खेलों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर सम्मानित किए गए। संचालन कक्षा द्वादश की छात्राओं ने किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में हुआ कार्यक्रम





लेब प्रभारी पवन बंछोर ने माताओं को बताया कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच जागृत करने के लिए केंद्र सरकार नीति आयोग ने यह सुविधा उपलब्ध कराया है जो गिने चुने स्कूलों में ही उपलब्ध है।

### माताओं ने अटल टिंकरिंग लैब में ली जानकारी

उर्वशी साहू, सुमन बंछोर, पद्मनी श्रीवास्तव, रेणुका धरम गुड़ी, हेमलता मार्कण्डेय, डामीन सिन्हा, गूंजा चंद्राकर, मीना साहू, पूर्णिमा श्रीवास, पूजा मंडावी, भावना साहू, गोदावरी ठाकुर, ललिता बंजारे सहित अनेक माताओं ने लैब में जाकर जानकारी प्राप्त की।

## शोभायात्रा : ग्राम मोहारा में गायत्री प्रज्ञा पीठ व विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने निकाली शोभायात्रा

# अयोध्या से पहुंचा अक्षत भेंटकर घर-घर दिया जा रहा कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण







हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

ग्राम मोहारा में गायत्री प्रज्ञा पीठ एवं विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों द्वारा राम जन्मभूमि अयोध्या धाम से पहुंचे अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा गायत्री प्रज्ञा पीठ मंदिर से होकर पुराना बस्ती आजाद पारा स्कूल पारा होते हुए निकाली गई। शोभायात्रा में गांव की माताएं अक्षत कलश को धारण कर बड़ी ही उमंग के साथ शामिल हुईं।

यात्रा के दौरान अयोध्या से जो अक्षत और आमंत्रण कार्ड आए थे, उन्हें कार्यकर्ताओं ने घर–घर पहुंच कर आमंत्रण दिया। इसके साथ ही सभी से निवेदन किया गया कि 22 जनवरी को रामलला भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अयोध्या में होना है, इसके उपलक्ष्य में आप अपने घर में 11–11 दीए अवश्य जलाएं और फिर से दीपावली मनाएं। इस अवसर पर सरपंच दीपधा, सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर हरिकृष्ण गंजीर, पूर्व जनपद सदस्य रुखमती गंजीर, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष केशव रामधनकर, बूथ अध्यक्ष मुकेश सार्वा और तुलाराम सार्वा, महेश सिन्हा, धर्मेंद्र तेलियासी, मोकम साहू, जोहनी साहू, सरोज सिन्हा, सविता साहू, तोरण साहू, सोनिया साहू, राजकुमारी गंजीर एवं गायत्री परिवार के एवं मोहारा के माताएं इस कार्यक्रम में भाग लिया।



### दरगहन में अक्षत कलश के साथ निकाली शोभायात्रा

**गुरूर।** ग्राम दरगहन में आयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश की बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों ने घर-घर से पूजा अर्चना कर आयोजित शोभायात्रा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। महिलाओं व बच्चों के साथ पुरूषों ने भजन कीर्तन करते हुए ग्राम का भ्रमण किया। इससे ग्राम का माहौल भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि आगामी दिनों में वे ग्राम के प्रत्येक मंदिर की साफ साफाई में लग जाएंगे तथा मंदिर की सफाई के साथ उसके आस पास की सफाई भी करेंगे। उसके बाद 22 जनवरी को आयोध्या में प्रभुराम के विराजमान होने पर दीपावली जैसे प्रत्येक घर को दीपक से सजाया जाएगा। शोभायात्रा में उमाशंकर साहू, जीतू साहू, मुरली साहू, मिलन चन्द्रवंशी, ममला साहू, किरण साहू, शांति व सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का घर-घर दिया जा रहा आमंत्रण

**बालोद।** जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 7 जवाहर पारा में रानी मनोज गौर और सभी हिंदू सनातनी महिलाओं द्वारा राम जन्मभूमि से आए अक्षत से सभी हिंदू सनातनियों को आमंत्रित किया जा रहा है। अक्षत और अयोध्या में बने मंदिर का फोटो देकर सभी को आमंत्रित किया जा रहा है।



### खरथुली में हुई राष्ट्र जागरण 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति



**डौंडीलोहारा।** मानस नगर खरथुली में विजन 2026 को साकार करने के लिए नारी सशक्तिकरण एवं राष्ट्र जागरण 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन और गरिमामय वातावरण में हुई। यज्ञ में ग्राम के एवं विकासखंड डौंडी लोहारा के रेंघई, बनगांव ,दूधली, जोगीभाठ ,नारगी , डारागांव, पसौद , हड़गहन ,मडियाकट्टा, मुंडाटोला , सिरपुर, कोरगुड़ा, अंडी आदि गांव के लोग सम्मिलित होकर राष्ट्र को जीवंत एवं जागृत करने तथा मनुष्य में देवत्व के विकास और आसुरी शक्तियों का उन्मूलन कर 21वीं सदी उज्जवल भविष्य के लिए यज्ञ में श्रद्धा भक्ति पूर्वक आहुति प्रदान की। यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर श्रेष्ठ संतति का आह्वान कर ग्यारह गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार किया गया। पांच भाई बहनों ने अपनी जीवन की प्रचलित पशुवत ढर्रे को त्याग कर अपने व्यक्तित्व विकास के लिए दीक्षा संस्कार ग्रहण किया। उन्होंने अपनी एक-एक बुराई को त्याग कर समाज के लिए उपासना ,साधना, आराधना, अंशदान ,समयदान और भिक्षाचरण का संकल्प लिया। शांतिकुंज के प्रतिनिधि आचार्य ने बताया कि गायत्री शक्ति प्राणों का विकास कर सद्बुद्धि प्रदान करती है। जब मानव में सद्बुद्धि का जागरण होता है, तो वह श्रेष्ठ कार्य करता है। जीवन में अनुशासन का पालन करता है। यही सद्कार्य यज्ञ कहलाता है। प्राणी मात्र के कल्याण के लिए जीवन में सद्बुद्धि रूपी गायत्री और सत्कर्म रूपी यज्ञ अति आवश्यक है।

## घीना में मना तम्बाकू निषेध व युवा दिवस





हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में तम्बाकू निषेध व युवा दिवस मनाया गया।

इस कार्यक्रम में तम्बाकू के प्रयोग करने से उत्पन्न भयंकर बीमारियों एवं मानव को होने वाले नुकसान के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यालय प्राचार्य एमएल ठाकुर ने कहा कि तम्बाकू एवं उससे बने उत्पाद का किसी भी प्रकार का प्रयोग इस संस्था में दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में नोडल अधिकारी व्याख्याता घीना सीएल साहू ने एनटीपीसी समिति का गठन किया गया है, जिसमें 14 छात्र-छात्राओं का संगठन तैयार किया है। खिलेश्वर और खोमन लाल को मॉनिटर बनाया गया है। प्राचार्य ने उन्हें कैप पहनाकर उनके दायित्वों को बताए। साथ ही पोस्टर निर्माण एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा स्टाफ एवं समस्त विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सीएल साहू और रूपसिंह रावटे ने किया।

## जैन मंदिर कुसुमकसा में बोर खनन के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा

मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद के मुख्य आतिथ्य में जैन मंदिर कुसुमकसा में बोर खनन का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवराम सिन्द्रामे सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा ने की।

उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि मिथलेश निरोटी ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य निधि से उक्त बोर खनन का कार्य स्वीकृत हुआ है।अब भगवान की पूजा-अर्चना में बोर के शुद्ध पानी का उपयोग किया जा सकेगा। शिवराम सिन्द्रामे सरपंच ने जिला पंचायत सदस्य निधि से जैन मंदिर में बोर उत्खनन की स्वीकृति प्रदाय करने के लिये जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी का धन्यवाद देते हुए उनके निधि से कुसुमकसा में कराये गये कार्यों को बताया। जैन श्री संघ के प्रकाशचंद्र कुचेरिया ने जैन मंदिर में बोर खनन की स्वीकृति प्रदाय करने के लिये क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य व उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद मिथलेश निरोटी का जैन श्री संघ की तरफ से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कंवरलाल कुचेरिया, प्रेमचंद जैन,सुरेश कुमार गुणधर ,भंवरलाल गुणधर ,अनिल सुथार, संतोष जैन ,देवराज जैन, मुकेश गुणधर ,नितिन जैन , मनीष गुणधर दिनेश जैन ,प्रिंस जैन,श श्यामा देवी जैन सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## विधायक अनिला भेड़िया ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# पुनारकसा में शुरू हुई मानसगान प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

ग्राम पुनारकसा में दो दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अनिला भेड़िया ने किया। उक्त अवसर पर अनिला भेड़िया ने कहा कि रामायण एक आध्यात्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन में इसके चरित्र को अपनाने का विषय है। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार हुआ, तब-तब भगवान को भी अवतार लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि चाहे सतयुग हो द्वापर हो या त्रेता युग हो सभी युगों में शत्रुओं का नाश करने का कारण नारी ही बनी। त्रेता में भी रावण का वध करने सीता का रूप धारण कर, द्वापर में महाभारत में द्रोपदी का रुप धारण कर सतयुग में भस्मासुर को मारने के स्वयं विष्णु भगवान को नारी का रूप धारण करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमारी माताएं निश्चित ही अब अपने अधिकार और कर्तव्य को निभाते हुए देश प्रदेश तहसील गांव घर सभी में अपनी भूमिकाओं से विकास की ओर आगे बढ़ रही हैं। शास्त्र का कहना है कि निश्चित ही नारी संस्कार की जननी है जिस घर में दुख कलह हो रहे हैं, निश्चित ही मानकर चलो कि वहां नारी का अपमान हो रहा है। आज हम सबको रामायण की प्रासंगिकता को जीवन में उतारने का समय आ गया है हमें हमारे संस्कार को बनाए रखने के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं का होना निश्चित ही प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में विधायक के साथ पूर्व आईजी आरएल नायक एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, माधुरी नायक, गणेश राम रात्रे, पूर्व सरपंच सलामे एवं वर्तमान सरपंच उभय नायक तथा भवरमरा ग्राम प्रमुख खरे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



